**भारत सरकार**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय**

**कृषि एवं किसान कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 3020**

**08 अगस्त, 2023 को उत्तरार्थ**

**विषय:- एआईएफ के अंतर्गत 'भारत' अभियान**

**3020. श्री प्रतापराव जाधव:**

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे:**

**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**

**डॉ. संजय सदाशिवराव मांडलिक:**

**श्री सुधीर गुप्ता:**

**श्री बिद्युत बरन महतो:**

क्या **कृषि एवं किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या भारत ने कृषि अवसंरचना निधि (एआईएफ) के अंतर्गत बैंकों के लिए 'भारत' (बैंक्स हेराल्डिंग एक्सीलरेटेड रूरल एंड एग्रीकल्चर ट्रांसफॉर्मेशन) नामक एक माह तक चलने वाला एक नया प्रमुख अभियान शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो ततसंबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अभियान की उल्लेखनीय बातें, प्रमुख विशेषताएं, लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ग) देश के विभिन्न भागों में एक माह तक चलने वाले उक्त अभियान के दौरान आयोजित किए जाने वाले अथवा संभावित रूप से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने 10 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2020-32 तक के लिए शुरू किए गए एआईएफ के संबंध में कोई लक्ष्य निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार ने कृषि-अवसंरचना परियोजनाओं की संभाव्यता को देखते हुए बैंकों से लक्ष्यों को प्राप्त करने की अपील की है और यदि हां, तो इस संबंध में बैंकों की क्या प्रतिक्रिया है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री (श्री नरेन्द्र सिंह तोमर)**

(क) और (ख) जी हां,  मौजूदा अवसंरचना की कमियों को दूर करने और कृषि अवसंरचना में निवेश जुटाने के लिए, प्रोत्साहन और वित्तीय सहायता के माध्यम से फसलोपरांत अवसंरचना और सामुदायिक कृषि परिसंपत्तियों के प्रबंधन के लिए व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश हेतु मध्यम-दीर्घकालिक ऋण वित्तपोषण सुविधा जुटाने के उद्देश्य से वर्ष 2020 में कृषि अवसंरचना

कोष (एआईएफ) योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत, बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा 2 करोड़ रुपये तक के ऋण के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों (सीजीटीएमएसई) के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट के तहत 3% प्रति वर्ष की ब्याज छूट और क्रेडिट गारंटी कवरेज के साथ ऋण के रूप में 1 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अब तक, 33,369 परियोजनाओं के लिए 26,064 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृत किए गए हैं और इन स्वीकृत परियोजनाओं ने कृषि क्षेत्र में 44,208 करोड़ रुपये का निवेश जुटाया है।

लोगों को अधिकतम लाभ प्रदान करने और कृषि अवसंरचना परियोजना हेतु ऋण को तीव्र गति से जुटाने के लिए, बैंकों और ऋण देने वाले संस्थानों के बीच प्रतिस्पर्धी भावना पैदा करने के लिए कृषि अवसंरचना निधि योजना के तहत सरकार द्वारा 'भारत' (बैंक्स हेराल्डिंग एक्सेलेरेटेड रूरल एंड एग्रीकल्चर ट्रांसफॉर्मेशन) नामक एक नया अभियान शुरू किया गया है। यह 15 जुलाई 2023 से 15 अगस्त 2023 तक एक माह चलने वाला अभियान है। विभिन्न श्रेणियों के तहत शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बैंको अर्थात सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघु वित्त बैंक (एसएफबी), गैर- बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) और सहकारी बैंक आदि का अभियान के अंत में चयन किया जाएगा और उनके विशेष योगदान की सराहना की जाएगी। दिनांक 31.07.2023 तक, भारत अभियान के तहत 1375 परियोजनाओं के लिए कई बैंकों द्वारा कुल मिलाकर 1239 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

(ग) यह अभियान 12 जुलाई, 2023 को शुरू किया गया था जिसमें 100 से अधिक बैंकिंग अधिकारियों ने भाग लिया था जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के वाणिज्यिक बैंकों के एमडी/अध्यक्ष, ईडी, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, लघु वित्त बैंक, एनबीएफसी और चुनिंदा सहकारी बैंक शामिल थे। इसके अलावा, इस अभियान के तहत दैनिक प्रदर्शन को प्रत्येक दिन बैंकों के व्यावसायिक घंटों के समापन पर संदेशों के माध्यम से सभी बैंकों के बीच साझा किया जा रहा है। यह दैनिक अपडेट बैंकों और ऋण देने वाले संस्थानों के बीच अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए अधिक उत्साह और प्रतिस्पर्धी भावना पैदा करता है। मंत्रालय, इस अभियान के तहत प्रदर्शन की समीक्षा करने और मंद गति से कार्य करने और प्रदर्शन में नॉन-स्टार्टर वालों को काम करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से संचार के विभिन्न तरीकों के माध्यम से बैंक अधिकारियों के साथ नियमित बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

(घ) और (ड.) जी हां, बैंकों से समय-समय पर कृषि अवसंरचना परियोजनाओं की संभावनाओं को देखते हुए लक्ष्य हासिल करने का अनुरोध किया गया है और बैंकों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक है। यह मंत्रालय निजी बैंकों के लिए उनकी ग्राहक संख्या, भौगोलिक पहुंच और

कृषि अग्रिम में हिस्सेदारी और पिछले प्रदर्शन के आधार पर एआईएफ वार्षिक लक्ष्य निर्धारित करता है। आवेदन जमा करने से लेकर योजना के लाभों की प्रतिपूर्ति तक एआईएफ योजना के कार्यान्वयन के लिए विभाग प्रधान कार्यालय में अपने नामित एआईएफ नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रत्येक बैंक के साथ नियमित संपर्क बनाए रखता है। योजना की प्रगति की समीक्षा करने और नियमित अंतराल पर हैंडहोल्डिंग सहायता जैसे दिसंबर 2022 में नाबार्ड मुख्यालय में आयोजित "बैंकर्स आर एंकर्स" कार्यक्रम, प्रदान करने के लिए बैंकों के शीर्ष अधिकारियों और उनके नोडल अधिकारियों के साथ बातचीत होती है।

इसके अलावा, मंत्रालय योजना को बढ़ावा देने के लिए वीसी मोड पर विभिन्न बैंकों के प्रधान कार्यालयों और नियंत्रण कार्यालयों के बैंक अधिकारियों के साथ एआईएफ योजना पर फ़िज़िकल मोड और जागरूकता सत्रों पर बैंकर्स प्रशिक्षण कॉलेजों में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करता है जो सामान्य रूप से बैंकों के उत्साह को प्रदर्शित करता है। शीर्ष प्रदर्शन करने वाले बैंक अधिकारियों और उनकी टीम के सदस्यों के योगदान को स्वीकार करने के लिए विशेष पुरस्कार समारोह भी आयोजित किए जाते हैं। बैंकों की एआईएफ टीमों वाले सोशल मीडिया समूह कृषि अवसंरचना के निर्माण के लिए एआईएफ के तहत अधिक से अधिक ऋण देने के लिए बैंकों को प्रेरित करने के लिए बैंकों के साथ संचार के तेज़ माध्यम के रूप में काम करते हैं और यह मंच प्रचालनात्मक मुद्दों को सुलझाने और सहायता प्रदान करने में भी मदद करता है।

*****